# बी.डी.एम.म्यूनिसिपल गर्ल्स डिग्री कॉलेज

शिकोहाबाद जिला – फिरोजाबाद (उ.प्र.)

# IQAC

## (आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ)

उदारमना श्रीमती भगवानी देवी माहेश्वरी जी द्वारा महिला शिक्षा के लिए प्रदत्त भूखण्ड पर निर्मित एवं 1973 में स्थापित , बी.डी.एम. एम. गर्ल्स डिग्री कॉलेज , शिकोहाबाद आस-पास के ग्रामीण अंचल की महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित ऐसी संस्था है जो विद्या, मूल्य और नेतृत्व के गुणों के संवर्धन द्वारा आदर्श संस्था की एक मिसाल बन चुकी है तथा जिसकी विगत 53 वर्षों की नारी सशक्तिकरण की समृद्ध विरासत गौरवान्वित करती है।

53 वर्षों की समर्पित शैक्षिक यात्रा के साथ बी.डी.एम.एम. गर्ल्स डिग्री कॉलेज आज भी इस विश्वास के साथ अग्रसर है जब एक बेटी शिक्षित और सशक्त होती है, तब केवल उसका जीवन ही नहीं बदलता, बल्कि परिवार समाज और राष्ट्र का भविष्य भी उज्ज्वल होता है। अपनी स्थापना से महाविद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं रहा बल्कि ऐसी शिक्षिका, आत्मविश्वासी , संस्कारित एवं उत्तरदायी महिलाओं का निर्माण करना रहा है जो परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकें।

पांच दशकों से अधिक की इस गौरवशाली यात्रा में महाविद्यालय ने हजारों छात्राओं के जीवन को शिक्षा के माध्यम से नई दिशा प्रदान की है। ग्रामीण एवं अर्धशहरी परिवेश की अनेक बेटियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को साकार करने तथा समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त करने की प्रेरणा और क्षमता प्रदान की है। महाविद्यालय की छात्राएं आज राजनेता , प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालयों की प्राचार्या व प्राध्यापक, इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या एवं प्रवक्ता , हाई स्कूल एवं जूनियर स्कूल की प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाएं, सभी सरकारी विभागों आदि में सेवाएं देने के साथ ही फिल्म मेकिंग संस्थानों की प्रमुख, कॉरपोरेट्स में उच्च पदों पर आसीन , पत्रकार , लेखिका तथा उद्यमी बनकर रोजगार सृजन कर राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में सक्रिय भागीदारी कर रही हैं।

महाविद्यालय ने छात्राओं में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारकर अच्छी वक्ता , खिलाड़ी, संगीतकार, गायिका, समाजसेवी आदि बनने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बी.डी.एम.एम. गर्ल्स डिग्री कॉलेज शिकोहाबाद में शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन हेतु **2016 में IQAC (आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ)** की स्थापनी की। महाविद्यालय का IQAC CELL इस विश्वास के साथ कार्य कर रहा है कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा केवल ज्ञान का विस्तार नहीं करती, बल्कि आत्मविश्वास , नेतृत्व , संवेदनशीलता और जीवन मूल्यों का भी विकास करती हैं। IQAC महाविद्यालय की ऐसी गुणवत्ता संस्कृति का निर्माण कर रहा है जो प्रत्येक छात्रा को जीवन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनने के लिए प्रेरित करें।

## हमारा दृष्टिकोंण (OUR VISION)

महिला शिक्षा को गुणवत्ता , नवाचार , नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से समृद्ध करते हुए प्रत्येक छात्रा को ज्ञान, कौशल , नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास से संपन्न बनाना, ताकि वह एक सशक्त , संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिक के रुप में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सके तथा महाविद्यालय उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता का अग्रणी केंद्र बने।

## हमारा मिशन (OUR MISSION)

- महाविद्यालय में गुणवत्ता , नवाचार एवं सतत् सुधार की संस्कृति का विकास करना।
- छात्रा केंद्रित , शिक्षण-अधिगम वातावरण उपलब्ध कराना।
- उद्यमिता एवं रोजगारों मुख शिक्षा एवं कौशल का विकास करना।
- नैतिक मूल्यों , भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं , सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा देना।
- पूर्व छात्राओं, अभिभावकों , उद्योग एवं समाज के साथ प्रभावी सहभागिता द्वारा संस्थागत विकास को गति देना।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) NAAC तथा अन्य गुणवत्ता मानकों के अनुरुप उत्कृष्टता को बढ़ाना।
- प्रत्येक छात्रा को आत्मनिर्भर , सक्षम, संवेदनशील एवं नेतृत्वकारी व्यक्तित्व के रुप में विकसित करना।

## हमारा ध्येय (OUR MOTTO)

**“गुणवत्ता हमारी संस्कृति है उत्कृष्टता हमारा संकल्प है , और नारी सशक्तिकरण हमारी पहचान है।”**